

# अफसर की चौखट पर अन्नदाता, हाईवे पर भी तपे



विदिशा. नेशनल हाइवे पर धतूरिया गांव स्थित बने खरीदी केन्द्र पर बारदाना न होने के चलते किसानों ने कर दिया चक्काजाम.



मेन हाइवे पर जहां ट्रेक्टर ट्राली लगाकर चक्का जाम कर दिया तो वहीं खेतों से निकलने वाले वाहनों को रोकने के लिये भी वाहन खड़े कर धरने पर बैठ गये किसान.



लम्बी मशक्कत के बाद जब वारदाना केन्द्रों पर पहुंच गया और तुलाई के संकेत मिले उसके बाद राजस्व विभाग के अधिकारी पहुंचे और किसानों से चर्चा की.

### खास बातें

- बारदाने की मार किसानों का सड़क पर हल्लाबोल
- गेट से बारदाना लौटा, आदित्य वेयरहाउस पर लटका था ताला
- धतुरिया वेयरहाउस के सामने चक्का जाम, 5 किमी तक थमे वाहन
- एंबुलेंस में मरीज तड़पते रहे, बसों में गर्मी से बेहाल हुए मुसाफिर
- 11 मई से रुक रुक कर हो रही थी तौल



नवभारत न्यूज

**विदिशा 16 मई, सरकारी गेंहू खरीदी में सरकारी सिस्टम की लापरवाही, अफसरों की सुस्ती और वारदाने की कमी का खामियाजा जिले भर के किसानों को भुगतना पड़ रहा है. नया मामला जिला मुख्यालय विदिशा से ही सामने आया है. जहां वारदाने की कमी के चलते किसानों को हाईवे पर उतरना पड़ा करीब 2 घंटे के चक्काजाम के वाद खरीदी केंद्र पर वारदाना आया तब जाकर किसानों की उपज तौल का काम शुरू हो सका.**

यही किसान पिछले 5 दिनों से हाथ जोड़कर अपनी तुलवाने का निवेदन कर रहे थे. जैसे ही किसानों ने जरा सा गुस्सा क्या दिखाया उसका नतीजा यह रहा कि कुछ ही मिनटों में वारदाने से भरा ट्रक खरीदी केंद्र पर जा पहुंचा. इसी बीच आदित्य वेयरहाउस की लापरवाही भी सामने आई है. जहां शुक्रवार की शाम को लोडिंग आटो से वारदाना आया था लेकिर वेयर हाउस पर ताला लटका देखकर आटो वाला वारादान वापस लेकर लौट गया. जिसके बाद शनिवार को वारदाना न होने के चलते किसानों को सड़क पर उतरना पड़ा और चक्काजाम करना पड़ा. सागर रोड स्थित धतुरिया वेयरहाउस के सामने सुबह करीब 10 बजे के बाद जब किसानों की तौल शुरू नहीं के चलते किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था. तेज धूप केंद्र पर खड़े किसानों के सब्र ने जबाव दे दिया तो मेन रोड नेशनल हाईवे पर चक्काजाम शुरू कर दिया. देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब 5 किलोमीटर लंबे जाम ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं.किसानों का आरोप है कि वे 11 मई से अपनी उपज लेकर वेयरहाउस पहुंचे हैं, लेकिन अब तक उनकी फसल की तौल नहीं हो सकी. किसानों को लगातार बारदाना खत्म होने का हवाला देकर इंतजार कराया जा रहा है। धनियाखेड़ी निवासी किसान राकेश चौकसे ने बताया कि वे 11 तारीख की सुबह ही अपनी उपज लेकर पहुंचे थे, लेकिन कई दिन गुजरने के बाद भी तौल नहीं हुई. कछुआ बरखेड़ा के किसान विशाल ठाकुर ने कहा कि दिन-रात खुले आसमान के नीचे फसल की रखवाली करनी पड़ रही है. धनियाखेड़ी के बबलू रघुवंशी और किसान अवतार सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन और वेयरहाउस प्रबंधन किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है. सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर जल्द तौल शुरू कराने और बारदाने की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। काफी देर तक समझाइश और बातचीत का दौर चलता रहा, जिसके बाद जाम खुलवाने की कोशिश की गई.

## अंदर कूलर की हवा में अफसर, किसान फर्श पर लिख रहे थे आवेदन



### कई किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा नहीं हुए काम

जिले के कई ऐसे किसान है जिनकी उपज सरकारी खरीदी केंद्र पर नहीं तुल पा रही है. तकनीकि खामी का हवाला देकर किसानों को केंद्रों से लौटाया जा रहा है. जिनके दस्तावेजों को ठीक कराने के लिए उन्हें खाद्य विभाग का रास्ता दिखाया जा रहा है. शनिवार को अवकास के चलते खाद विभाग में कोई कर्मचारी और अधिकारी नहीं थे. जबकि कंपोजिट भवन में ही एक बैठक चल रही थी. जिसके चलते कई किसान परेशान हो रहे थे. एक अधिकारी के कहने पर किसानों की समस्या सुनने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारी को भेजा गया. कार्यालय खुलने के बाद खाद्य अधिकारी अनिल तंतुवाया पहुंचे जहां पर उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुनना शुरू किया. इस दौरान कार्यालय में कम कर्मचारी थे. अधिकारी किसानों की समस्या सुन रहे थे. इसी बीच शिकायतों का समाधान कराने आए किसानों को न तो बैठने के व्यवस्था थी और न ही उनको पानी के इंतजाम थे जिसके चलते मजबूरी में किसान आफिस के बाहर जमीन पर फर्स पर बैठकर ही आवेदन लिखने लगे किसानों का कहना है कि उनके स्लाट बुक नहीं हो पा रहे तो दूसरी तरफ जिनका स्लाट बुक तो हो गया था लेकिन वारदाना न होने के चलते फसल नहीं बिकी और तारीख निकल चुकी है. ऐसे में विभाग के अधिकारियों ने समस्या के समाधान करने में भी हाथ खड़े कर दिए. ऐसे लगभग दो दर्जन से ज्याद किसान अपनी यही परेशानी लेकर आए कि स्लाट की तारीख निकल चुकी है. अब अनाज नहीं खरीदा जा रहा है.वहीं विभाग के अधिकारी कार्यालय में कूलर की हवा खाते हुए कह रहे थे कि लाईन में लग कर आओ.

## शनि जयंती पर शनि मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** शनि जयंती का उत्सव सिरोंज स्थित शनि मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया. इस बार शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या का संयोग शनिवार को पड़ने से भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया. इस अवसर पर शनि मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई. तहसील रोड स्थित शनि मंदिर में विशेष पूजा, अभिषेक और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे. इस अवसर पर शनि मंदिरों में प्रात:काल विशेष पूजन हुई. जिसमें श्री गणेश पूजन, वरुण पूजन, नवग्रह पूजन एवं षोडश मातृका पूजन संपन्न हुई.इसके उपरांत सुबह शनिदेव का सरसों के तेल से अभिषेक किया गया.

## शिवम ट्रेवल्स की द बर्निंग बस

**एनएच 146 पर शिवम ट्रेवल्स की चार्टर्ड बस में लगी भीषण आग**

**पीछे से आ रही कार के चालक ने दी थी बस ड्रायवर को सूचना**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, ग्यारसपुर इलाके तहत आने वाले गांव में शनिवार सुबह करीब 6 बजे एनएच-146 पर बड़ा हादसा टल गया.पीपलखेड़ी किसान समृद्धि केंद्र के पास इंदौर से सागर जा रही शिवम ट्रेवल्स की चार्टर्ड बस में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई. देखते ही देखते बस धू-धू कर जलने लगी. बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया.**

गनीमत रही कि ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है. सभी यात्री सुरक्षित हैं. हालांकि आग इतनी तेज थी कि यात्रियों का पूरा सामान जलकर खाक हो गया.मौके पर अफरा-तफरी मच गई. राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस संबंध में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि सुबह लगभग 6 बजे इंदौर से सागर की ओर जा रही चार्टर्ड बस के एसी में शॉर्ट सर्किट हो गया था.पीछे से आ रही कार के चालक ने बस ड्राइवर को आग लगने की जानकारी दी. इसके बाद ड्राइवर ने बस रोकी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा निशुल्क समर कैंप 21 से 24 मई तक

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ए-33 मुखर्जी नगर सेवा केंद्र द्वारा गर्मियों की छुट्टियों को उपयोगी, रचनात्मक एवं संस्कारमय बनाने के उद्देश्य से चार दिवसीय निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर 21 मई से 24 मई तक आयोजित होगा, जिसमें 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे.समर कैंप में बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. शिविर के दौरान सरल ध्यान विधि के माध्यम से बच्चों को एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके साथ ही कहानियों, नाटकों एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवन मूल्यों एवं श्रेष्ठ संस्कारों की शिक्षा दी जाएगी.

## चाकूबाजी और मारपीट से मची अफरा-तफरी

- अस्पताल में घुसकर हमला, कंप्यूटर सिस्टम टूटे
- मरीज और परिजन दहशत में
- पहले बस ने मारी टक्कर, फिर अस्पताल में हुए जख्मी



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात शराब कंपनी की दविश देने वाली कार को दुर्गानगर चौराहे पर एक बस ने टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार करीब 5 लोग घायल हो गए. घायलों को पुलिस अस्पताल लेकर गई जहां पर उनके साथ करीब आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर सरकारी अस्पताल में हंगामा कर दिया. पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है. जहां एक पक्ष हादसे में घायल होकर इलाज कराने के लिए अस्पताल गया हुआ था. इसी बीच दूसरे पक्ष का एक युवक भी घायल हालत में सरकारी अस्पताल में इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचा था. यहीं पर किसी विवाद के बाद अस्पताल में पुलिस के सामने मारपीट की वारदात हो गई. अचानक हुए इस घटनाक्रम से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई. घटना के दौरान अस्पताल की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है.मारपीट में अस्पताल का कंप्यूटर सिस्टम और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया. आरएमओ डॉ. पीसी मांझी ने बताया कि अस्पताल में कुछ लोग आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे, जिनके हाथ में चाकू भी था. घटना में अस्पताल के कंप्यूटर को नुकसान पहुंचा है.मामले की जानकारी सिविल सर्जन को दे दी गई है और पुलिस को भी सूचना दी गई.

### अस्पताल परिसर में दहशत फैलाने वालों पर कार्रवाई

जिला अस्पताल परिसर में पुरानी रंजिश को लेकर चाकू दिखाकर धमकाने, आड़ीबाजी और मारपीट करने वाले आरोपियों पर थाना कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, वहीं एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया.16 मई को फरियादी गीते अहिरवार पिता खुशी लाल अहिरवार ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते जिला अस्पताल परिसर में आरोपी द्वारा चाकू निकालकर धमकाया गया और मारपीट की गई. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रकरण दर्ज किया थाना कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद राज द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित की गई. पुलिस टीम ने आरोपी अक्षय जैन पिता सुनील कुमार जैन उम्र 27 वर्ष निवासी शेरपुरा विदिशा को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही मामले में शामिल एक विधि विरुद्ध बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है.

## एसएटीआई को मिली बड़ी राहत, अनुदान राशि मिलने पर कर्मचारियों में खुशी

नवभारत न्यूज

**विदिशा. सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान (एसएटीआई) को मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त अनुदान राशि के महत्वपूर्ण भाग से संस्था परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है. इस राशि से संस्था के निदेशक सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों के वेतन-भत्तों तथा लंबे समय से लंबित देयताओं के भुगतान का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है.**संस्था परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्था के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया है. कर्मचारियों का कहना है कि उनके विशेष स्नेह, दूरदर्शी सोच, निरंतर प्रयास एवं कुशल मार्गदर्शन के कारण ही संस्था को यह महत्वपूर्ण ग्रांट प्राप्त हो सकी है. उन्होंने संस्था की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप यह अनुदान संभव हो पाया.कर्मचारियों ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया सदैव संस्था के हितों के प्रति संवेदनशील रहे हैं और उनके संरक्षण एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में संस्था निरंतर प्रगति एवं स्थिरता की ओर अग्रसर है. कठिन परिस्थितियों में भी संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में उनके मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.15 मई 2026 को संस्था के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों द्वारा महाराजा जीवाजी राव एजुकेशन सोसाइटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर एवं संस्था के संचालक डॉ. वाय. के. जैन का हार पहनाकर एवं मिठाइयां बांटकर सम्मान किया गया. कर्मचारियों ने शासन के इस आदेश का उत्साहपूर्वक स्वागत किया.इस अवसर पर कर्मचारियों ने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स एवं विशेष रूप से ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके सतत संरक्षण एवं नेतृत्व में संस्था भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी.

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एम.पी बोर्ड एण्ड पेपर मिल्स प्रा. लिमिटेड उद्योगगिरी रोड विदिशा द्वारा श्री दीपक कोठारी आयु 64 वर्ष पुत्र श्री जगमोहन दास कोठारी निवासी ई 07 एच.आई.जी 502 अरोरा कालोनी भोपाल एवं श्री हिमांशु कोठारी आयु 44 वर्ष पुत्र श्री अशोक कोठारी निवासी अक्षर भवन क्लब रोड विदिशा विदिशा के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम बैस विदिशा प.ह.न. 57 तहसील जिला विदिशा अंदर सीमा नगर पालिका विदिशा वार्ड क्र. 01 तहसील जिला विदिशा में आराजी क्र. 282/1 ( जिसके पुराने नं. 450/2 व अन्य नं. है) रकबा 3.104 हे. में से 0.412 हे. भूमि जिसमें एक ट्यूब वेल लगा है जिसकी चतुरसीमाएं पूर्व में शेष भूमि विक्रेता पश्चिम एवं उत्तर में डॉ. चन्द्रकांत चौरसिया , उदयगिरि, दक्षिण में नदी बेतवा स्थित है जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का तय कर विक्रयधन अदा कर दिया है। अतिशीघ्र विक्रय पत्र का संपादन कराया जाना है यदि उक्त वर्णित भूमि के बाबत किसी भी व्यक्ति विशेष, बैंक, संस्था, सोसायटी का कोई ऋण भार या अनुबंध या बंधक नामा हो अथवा उक्त भूमि बाबत कोई भी दीवानी अथवा राजस्व वाद विचाराधीन हो या कोई भी उक्त सम्पत्ति में अपना हित रखता हो तो या किसी भी प्रकार से उक्त भूमि पर एम.पी बोर्ड एण्ड पेपर मिल्स प्रा. लिमिटेड के स्वत्व व आधिपत्य को चैलेंज करता हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय समय में अपने असल दस्तावेजों सहित जिस पर वह अपना क्लेम करता हो, प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने स्याद मेरी पक्षकार उक्त वर्णित भूमि के बाबत विक्रयपत्र का संपादन मेरी पक्षकार अनुबंध में लिखी सीमा के पूर्व करा लेगी तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा ऐसी स्थिति में सर्व संबंधित को होने वाले हर्ज खर्च व परिणामों का उत्तरदाईत्व ऐसे व्यक्ति स्वयं का होगा।

अत: सूचित हो।

दिनांक 16.05.26

भवदीय
दीपक कुमार गर्ग एडवोकेट
146 शास्त्री नगर विदिशा
मोबाईल नं.9827046355

**कार्यवाही** | बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश

## दो बच्चे और एक युवक से मिली चोरी की 12 बाइकें



नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में लगातार बढ़ रही बाईक चोरियों की घटनाओं से शहर में दहशत थी. लोग अपनी मोटर साईकिल चोरी होने से डर रहे थे इसी बीच राहत भरी खबर आई है. पुलिस ने एक बाईक चोर गिरोह को पकड़ा है. जिनके पास से एक दर्जन मोटर साईकिल वरामद की गई हैं. पुलिस अन्य चोरी गई बाईकों के बारे में जानकारी जुटा रही है.**

बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने एक आरोपी एवं दो विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से करीब 14 लाख कीमत की 12 चोरी की मोटरसाइकिल जप्त की हैं. थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध आरोपी रमजान मंसूरी एवं दो विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया गया.पूछताछ के दौरान विधि विरुद्ध बालकों ने अलग-अलग क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 12 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कीं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग .14 लाख बताई जा रही है. पुलिस द्वारा आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है. संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ में अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है. गिरफ्तार आरोपी रमजान मंसूरी पिता इकबाल मंसूरी उम्र 38 वर्ष निवासी महावीर वार्ड, राहतगढ़ जिला सागर है, जबकि दो विधि विरुद्ध बालकों को भी अभिरक्षा में लिया गया है.

## यादव समाज करेगा मेधावी छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** श्री कृष्ण जन्माष्टमी यादव समाज द्वारा इस वर्ष श्री आल्हा जयंती के पावन अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है.जन्माष्टमी आयोजन समिति के अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम 25 मई 2026, सोमवार को रवींद्रनाथ टैगोर भवन में आयोजित किया जाएगा. समारोह का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक ललिता यादव तथा मानव अधिकार आयोग प्रदेश अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे.

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कलेक्ट्रेट में दिलाई गई जागरुकता शपथ

नवभारत न्यज

**विदिशा.** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित बेतवा सभाकक्ष में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर ने की, जबकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डेंगू जागरूकता की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख भी उपस्थित रहे.गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस अवसर पर डेंगू की रोकथाम एवं बचाव के लिए शहरी और ग्रामीण स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाए जाते हैं. लोगों को डेंगू रोग, उसके फैलने के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी जाती है.

इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम डेंगू नियंत्रण के लिए जनभागीदारी — जांच करें, सफाई करें और ढकें रखी गई है. इसी के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने, जलभराव रोकने और मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया.शपथ के दौरान सभी ने अपने घर, कार्यस्थल एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कूलर, गमलों, पुराने टायरों एवं अन्य बर्तनों में पानी जमा नहीं होने देने, सप्ताह में एक बार जल स्त्रोतों की जांच कर उन्हें साफ एवं सूखा रखने का संकल्प लिया.